Valeo

# SPEAK UP!

# व्हिसलब्लोइंग नीति

## संक्षेप में



वैलिओ आचार और अनुपालन कार्यालय -2024

वैलिओ में हम समस्याओं को रोकने, खतरों का प्रबंध करने और कानून एवं विनियमों के उल्लंघन के प्रभावन को कम करने को गंभीरता से लेते हैं।
हम अपने आंतरिक और बाह्य हितधारकों को प्रोत्साहित करते हैं कि जब भी वे कोई ऐसी गतिविधि देखते हैं या कोई ऐसे कृत्य के होने का संदेह करते हैं जो हमारे आचार और अनुपालन प्रोग्राम या कानून का उल्लंघन कर रहे हों, तो वे उसके बारे में बताएं जिससे उनको रोका जा सके और ऐसी समस्याओं का पता लग सके।
इस उद्देश्य से, वैलिओ ने एक सुरक्षित और प्रभावी आंतरिक व्हिसलब्लोइंग सिस्टम स्थापित किया है जो व्हिसलब्लोअर और संबंधित लोगों की सुरक्षा पर कई नियमों का अनुपालन करता है।

# व्हिसलब्लोअर

व्हिसलब्लोअर किसी ऐसे व्यक्ति को कहते हैं जिसे कानून द्वारावैलिओ को व्हिसलब्लोइंग सिस्टम का उपयोग करके अलर्ट प्रस्तुत करने की अनुमति हैं।

यह हो सकता है:

- एक वैलिओ कर्मचारी,
- एक ठेकेदार,
- एक अस्थाई कर्मचारी,
- कानूनों और विनियमों के अनुसार अधिकृत तीसरा पक्ष।

# अलर्ट

अलर्ट का मतलब है निम्न की रिपोर्ट करना:

- कोई संदिग्ध, वास्तविक या साबित कृत्य और ऐसे कृत्य को छुपाने का प्रयास, जो घट चुका है या घटने की बहुत संभावना है,
- वैलिओ की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से गतिविधियों के परिणामस्वरूप, साथ ही जब उपठेकेदार या आपूर्तिकर्ता वैलिओ के साथ एक स्थापित वाणिज्यिक संबंध से जुड़े होते हैं, तो उस दौरान उनकी गतिविधियों के परिणामस्वरूप,
- जो इंगित करते हैं:

  ✔ कोई अपराध या दोष,

  ✔ सार्वजनिक हित को ख़तरा या क्षति,

  ✔ जिस देश में वैलिओ काम करता है, उसके द्‍वारा विधिवत अनुसमर्थित या अनुमोदित अंतर्राष्ट्रीय समझौते का उल्लंघन,

  ✔ मानव अधिकारों और मौलिक आजादियों का गंभीर उल्लंघन, और मानव स्वास्थ्य और व्यक्तियों की सुरक्षा को नुकसान के साथ-साथ पर्यावरण को नुकसान,

  ✔ संघ कानून (इसके बाद व्हिसलब्लोअर पर यूरोपीय संघ के निर्देश कहा जाएगा) के उल्लंघन की रिपोर्ट करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा पर यूरोपीय निर्देश के आर्टिकल 2 के तहत यूरोपीय संघ कानून का उल्लंघन,

  ✔ वैलिओ की व्यावसायिक आचार संहिता का उल्लंघन और/या वैलिओ की व्यावसायिक भागीदार आचार संहिता का उल्लंघन और/या इसके अनुपालन कार्यक्रमों का उल्लंघन।

# आंतरिक व्हिसलब्लोइंग सिस्टम

## वैलिओ के आंतरिक व्हिसलब्लोइंग सिस्टम में निम्नलिखित तत्व शामिल हैं:

1/
प्लैटफॉर्म

प्लैटफॉर्म एक समर्पित और सुरक्षित साधन है, जो 24/7 निःशुल्क उपलब्ध है, जिससे आप अपनी पसंदीदा भाषा में पूर्वनिर्धारित प्रश्नावली को पूरा करके तथ्यात्मक, विस्तृत, गोपनीय और प्रलेखित रिपोर्ट दे सकते हैं। यह प्लैटफॉर्म वैलिओ द्वारा यूरोप स्थित एक यूरोपीय सेवा प्रदाता के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है:

https://valeo.whistleblowernetwork.net/
प्लैटफॉर्म व्हिसलब्लोअर द्वारा स्थानीय या वैश्विक स्तर (जैसा वे उचित समझें) पर विशेष रूप से नियुक्त कर्मचारियों (अधिकृत व्यक्तियों) को रिपोर्ट जमा करने देता है।

2/
वैलिओ द्वारा ग्रुप और स्थानीय स्तर पर नियुक्त नामित संपर्क

अधिकृत व्यक्ति को ग्रुप स्तर पर (ग्रुप अधिकृत व्यक्ति) या स्थानीय स्तर पर (इकाई अधिकृत व्यक्ति) रिपोर्ट प्राप्त करने और/या प्रोसेस करने के लिए नामित किया जाता है। इन्हें निष्पक्ष, विवेकपूर्ण और गोपनीय रूप से अपने कर्तव्यों को पूरा करने की उनकी क्षमता के लिए चुना गया है, और उन्हें अपना काम करने के लिए पर्याप्त अधिकार और संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

3/
बाह्य रिपोर्टिंग चैनल

वैकल्पिक तौर पर और स्थानीय कानून के आधार पर, व्हिसलब्लोअर अपनी रिपोर्ट किसी बाहरी नामित अधिकारी को भी दे सकता हैं।

अधिकृत व्यक्ति और बाहरी अधिकारी प्लैटफॉर्म पर सूचीबद्ध हैं **(https://valeo.whistleblowernetwork.net/ -** जिसे आप रिपोर्ट कर सकते हैं अनुभाग **में)**

# SPEAK UP!

## वैलिओ प्लैटफॉर्म पर अलर्ट प्रस्तुत करने के लिए आप जो भी विकल्प चुनते हैं, आपको:

- केवल एक आंतरिक रिपोर्टिंग चैनल उपयोग करना चाहिए और तत्काल या महत्वपूर्ण प्रकृति के अलर्ट के लिए ग्रुप रिपोर्टिंग चैनल को प्राथमिकता देनी चाहिए,
- निर्दिष्ट करें कि आप किस क्षमता में अलर्ट की रिपोर्ट कर रहे हैं (एक वैलिओ कर्मचारी है, एक ठेकेदार हैं, एक अस्थाई कर्मचारी हैं, व्यापारिक भागीदार के कर्मचारी हैं...),
- सटीक, उद्देश्यपूर्ण, प्रासंगिक और तथ्यात्मक तरीके से उन तथ्यों का वर्णन करें जो प्रत्यक्ष रूप से अलर्ट से जुड़े हैं,
- प्लैटफॉर्म पर सहायक दस्तावेज़ अपलोड करें। इन दस्तावेजों को गोपनीय माना जाएगा,
- अधिकृत व्यक्तियों और जाँचकर्ताओं के साथ सुरक्षित, गोपनीय और यहां तक कि गुमनाम तरीके से संवाद करने के लिए एक सुरक्षित पोस्टबॉक्स बनाएं यदि आप ऐसा चाहते हैं।

अगर आप सलाह लेना चाहते हैं, तो कृपया संपर्क करें आपके कम्प्लायंस चैम्पियन, मुख्य आचार और अनुपालन अधिकारी या जाँचकर्ता दल से।

**ध्यान दें/**

अलर्ट गुमनाम तरीके दिया जा सकता है, हालाँकि व्हिसलब्लोअर को आम तौर पर अपनी पहचान उजागर करने की सलाह दी जाती है।

# व्हिसलब्लोअर और रिपोर्ट किए जाने वाले व्यक्ति की सुरक्षा

नीति व्हिसलब्लोअर, रिपोर्ट किए गए व्यक्तियों और उल्लिखित अन्य तृतीय पक्षों पर लागू गोपनीयता और सुरक्षा उपायों का वर्णन करती है।

उनकी पहचान की जानकारी को अत्यधिक गोपनीय माना जाता है, तदनुसार उसकी प्रोसेसिंग को भी वैसे ही किया जाता है और संभावित रूप से केवल नीति, कानून या व्हिसलब्लोअर द्वारा अधिकृत प्रासंगिक व्यक्तियों को ही इसका खुलासा किया जाता है।

नेक नियत के साथ जमा किए गए अलर्ट के लिए व्हिसलब्लोअर पर किसी भी तरह से प्रतिशोध लेना, फटकारना या दबाव डालना सख्त मना है, भले ही बाद में तथ्य गलत साबित हों या किसी भी प्रकार की कार्रवाई न हो। प्रतिशोध लेने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

इसके विपरीत, रिपोर्ट किए गए व्यक्ति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने या हानि पहुंचाने के इरादे से, बदनीयती से प्रस्तुत किए गए अलर्ट के परिणामस्वरूप लागू नियमों के आधार पर, व्हिसलब्लोअर को अनुशासनात्मक उपायों या यहां तक कि अभियोजन का सामना भी करना पड़ सकता है।

गोपनीयता उपाय और भी अधिक प्रभावी होंगे जहां:

- व्हिसलब्लोअर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए प्लैटफॉर्म का उपयोग करेंगे
- जहां तक संभव हो, वे अपने अलर्ट के बारे में बात करने से बचते हैं

वैलिओ किस प्रकार व्यक्तिगत डेटा की रक्षा करता है, उसके बारे में अधिक जानने के लिए,